Review of the Policy of Partial Decontrol of Sugar

*63. SHRIMATI RATAN KUMARI:†
SHRIMATI KRISHNA KAUL:

Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether sugar industry has repeatedly urged Government for a review of the policy of partial decontrol with a view to averting the scarcity of sugar in the near future and restoring the economic health of the industry; and

(b) if so, what action Government have taken in this regard?

THE MINISTER OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (RAO BIRENDRA SINGH): (a) Various associations/organisations connected with the sugar industry have been making suggestions to the Government in this regard.

(b) The Government have been reviewing the present policy of partial control with dual pricing mechanism from time to time. Even in the current sugar year 1984-85, this policy was reviewed and Government decided, after review, to continue it for the current sugar year 1984-85.

श्रीमती रत्न कुमारी : सभापति जी, क्या यह सही है कि यह लोग सिक-इंडस्ट्री के नाम पर सरकार से अधिक सुविधाएं मांगते रहे हैं और चीनी का कृत्रिम अभाव पैदा कर बाजार में चीनी के दामों में भारी तेजी लाने में यह उसके स्वयं जिम्मेदार है। यह लोग अपने ही हाथों में जाली हेरफेर करके नुकसान दिखा रहें हैं और सरकार से शुगर पालिसी को रिव्यू करने को कह रहे है। क्या सरकार को इसकी जानकारी है ? यदि है, तो सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

राव बीरेन्द्र सिंह : चेयरमेन साहब, आमतौर पर तो यह बात नहीं मानी जा सकती कि सारा ही उद्योग हेरफेर करता है और सब जगह गलत वही खाते होते है। लेकिन जहां कहीं इस किस्म की शिकायतें आती हैं, सरकार उनके ऊपर गौर करती है और जांच करती है। चीनी उद्योग की तरफ से सरकार से सुविधाएं लेने की कोशिश करते रहना तो स्वाभाविक है। हरेक इण्डस्ट्री यही चाहेगी। लेकिन सरकार कोई भी कंसेशन या सहायता देने से पहले हर बात की पूरी तरह से जांच करके तभी फैसला करती है।

श्रीमती रत्न कुमारी : सभापति जी, मेरा दूसरा प्रश्न है कि क्या यह सही है कि भारत 1981-82 में संसार में चीनी उत्पादन करने वाला सबसे बड़ा देश था, जबकि 84 मिलियन टन चीनी का उत्पादन हुआ और चीनी का निर्यात भी हुआ था। तो क्या कारण है कि केवल तीन वर्ष के अल्प समय में ही भारत को चीनी बाहर से मंगानी पड़ रही है मजबूरी में? इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

राव बीरेन्द्र सिंह : चेयरमेन साहब, इसकी बहुत सी वजूहात हो सकती हैं। यह सही है कि सन् 1980 के बाद चीनी की पैदावार देश में बहुत बढ़ी है। सन् 1980 में जब श्रीमती इंदिरा गांधी की सरकार बनी तो उस साल जो जनता सरकार ने चीनी का हाल छोड़ा, वह बहुत बुरा था, 38 लाख टन के करीब कुल पैदावार रह गई थी, जबकि उससे पहले सन् 1977-78 में चीनी की पैदावार 64 लाख टन से ऊपर हो चुकी थी। लेकिन दो वर्षों के अंदर सरकार ने चीनी की पैदावार को इतना बढ़ावा दिया कि 84 लाख टन से ज्यादा चीनी पैदा हुई। उस के बाद अगले साल भी चीनी की पैदावार 82 लाख टन से ज्यादा हुई, 1982-83 में। उस के बाद चीनी की पैदावार बेशक घटी है। अब हम उस को फिर बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। इस के कारण बहुत से हैं। इस का कारण एक तो यह है कि सूखा पड़ा। देश के बहुत सारे इलाकों में ऐसा सूखा पड़ा कि 1966-67 के बाद चीनी की पैदावार

†The question was actually asked on the floor of the House by Shrimati Ratan Kumari.

जो बढ़ती ही गई थी, लेकिन वह 1979-80 में एक दम से गिर गई और उस के बाद हम उस को बढ़ाने की कोशिश करते रहे और कामयाब हुए और फिर हम उस को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले साल 59 लाख टन के करीब चीनी की पैदावार थी और इस साल उम्मीद है कि वह 61 लाख टन के करीब होगी। लेकिन पैदावार घटने के कई कारण हैं और उस मे सब से बड़ा कारण यह था कि देश में सूखा पड़ा पिछले वर्षों में, जब पैदावार घटी और दूसरा कारण यह था कि रकबा गन्ने का घट गया . . .

कुछ माननीय सदस्य: क्यों घट गया?

राव बीरेन्द्र सिंह: बहुत से कारण उस के हो सकते हैं। सारे कारण मै बतलाऊं तो मुश्किल होगी।

MR. CHAIRMAN: If you put all your supplementaries now, how can you get another chance to put them? So don't put your supplementaries now.

राव बीरेन्द्र सिंह: सरकार ने काफी सहायता किसानों को दी। आप जानते है कि चीनी की पैदावार बढ़ाने के लिये 1980 के बाद किसानों को बहुत अच्छा मुआवजा गन्ने का मिला। 20, 25 और 26 रुपये क्विंटल तक गन्ने का दाम मिला उन को, लेकिन अगर माननीय सदस्यों के दिमाग में यह ख्याल हो कि गन्ने की कीमत कम होने की वजह से यह पैदावार घटी तो यह बात गलत होगी। क्योंकि अब भी गन्ने का मूल्य 20, 22 रुपये से कम किसानों को नहीं दिया गया। मूल्य अच्छे मिले हैं उन को। अब हम कोशिश कर रहे हैं कि गन्ने की पैदावार भी बढ़े और चीनी की पैदावार भी बढ़े और उस के लिये हमारे साथी सरदार बूटा सिंह जी एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री में कोशिश करेंगे कि गन्ने का रकबा बढ़ायें और अच्छा बीज दे कर अच्छे किस्म का गन्ना पैदा करायें जिस से रिकवरी ज्यादा हो।

SHRIMATI KRISHNA KAUL: May I know whether the Government is aware that the sugar industry owes crores of rupees in arrears to the cane-growers? May I also ask the hon. Minister what steps the Government are taking to get the arrears cleared and will the Minister kindly give the State-wise figures of the arrears as they are today?

RAO BIRENDRA SINGH: Sir, would you like me to give the State-wise figures of the arrears?

SHRIMATI KRISHNA KAUL: That can be given later on.

MR. CHAIRMAN: You place a statement on the Table of the House.

RAO BIRENDRA SINGH: The amount of arrears and the percentage this year are much less than what these had been in the previous years.

श्री वीरेन्द्र वर्मा: हमें तो टोटल बता दीजिए।

MR. CHAIRMAN: Please place a statement about all the States on the Table of the House.

RAO BIRENDRA SINGH: I will do that, Sir, but roughly at the end of May this year, when most of the sugarcane was crushed, it amounted to something over 37 crores of rupees. That comes to only four point something per cent—just about 4 per cent—which is very low when compared to previous year's arrears at the same time, which was over 12 per cent. This year it has come down to 4 per cent at the end of May. It is Rs. 37 crores only.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: I would like to say something about sugar.

MR. CHAIRMAN: No, no, put a question; don't say something.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: I would like to ask a question. But the thing is that constantly sugar production has come down in our country over the last three years. Hon. Minister has said that there was a drought or

something like that. But it is not a question of drought. Because the pricing policy of the Government of India was not uniform, that is why sugar production was once at a very high peak. Now it constantly coming down. So, I would like to ask the hon. Minister one thing. We are constantly demanding in this House and elsewhere that you must have a uniform pricing policy based on agro-climatic considerations. The second thing is, as we can see this year, 1984-85, sugar production has come down in this country again. But sugar requirement will be much higher in the coming five years. As much higher in the coming five years. As far as my State of Maharashtra is concerned, highest sugar recovery is there, highest sugarcane yield is there and even people who are in the cooperative sector are starting factories, getting good profit and that profit is being distributed among the farmers.

MR. CHAIRMAN: What is your question?

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: It is coming.

MR. CHAIRMAN: Your two minutes are over.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: The question is there. More than 100 proposals for sugar factories are lying with the Ministry for want of licence and Government is not clearing the proposals which means the sugar factories are not coming up and production is going down. So, I want to know by when licences for the sugar factories will be cleared and when a uniform sugar policy will be implemented.

RAO BIRENDRA SINGH: We are formulating a new policy for licensing in the 7th Five-Year Plan; it is under the consideration of the Government. It is not possible, Sir, to impose a uniform price policy for a region on the basis of climate. We have to take into consideration the conditions. Even factory-wise, the fields, the area around the factory and various other considerations have to be kept in view.

Sir, I would like to correct the figures which I gave a minute ago. The percentage I stated is correct. The total areas stand at Rs. 47.53 crores which also includes the amounts within 14 days, but overdue amount, that is, amount which is within 14 days of supply of the cane, is only 37.75 as it stood on 31st of May this year. The percentage of the total arrears of Rs. 47.53 crores, after payment for sugarcane by all the factories in the country, comes to 4.2 per cent; last year it was 12 per cent. State-wise figures I would place on the Table of the House as ordered by you. But some States have large areas and others have very small areas.

MR. CHAIRMAN: But you have not answered the question: Why don't you give more licences for sugar factories?

RAO BIRENDRA SINGH: Sir, too much liberalization in licensing might result in more mills going sick. After all, it is not just a question of giving a licence and the cane automatically being found around the factory. We have to see to the availability of cane. We have to ensure that there is development of cane. It is not licensing capacity and the installed capacity on which sugar production ultimately depends. Sir, I would like to mention here that in 1981-82 when sugar production shot over 84 lakh tonnes, the total installed capacity of sugar mills in this country was only 62 lakh-odd tonnes, and with around 62 lakh tonnes of installed capacity we could produce 84 lakh tonnes. Now, with the present capacity which is around 72 lakh tonnes, we can certainly produce about 90 lakh tonnes if adequate cane is available around the factories.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: The number of total sick mills in Maharashtra has not increased.

MR. CHAIRMAN: No question. Mr. Ashwani Kumar.

श्री अश्विनी कुमार : माननीय सभापति महोदय, अभी माननीय मंत्री जी ने बताया कि हम मिलें नहीं खोल सकते हैं इस लिये कि गन्ना नहीं है और

गन्ना न होने का जो प्रमुख कारण है वह यह है कि केन्द्र की और राज्य सरकारों की गन्ने का दाम तय करने की जो पालिसी है उस में दोष है। केन्द्र एक पालिसी देती है और राज्य सरकारें दूसरी पालिसी देती है और इस के कारण बीच में केन एरियर्स बढ़ जाते हैं और जिस साल केन एरियर्स बढ़ते हैं उस साल किसान गन्ना कम बोते हैं और अगर बोते हैं तो गुड़ वालों को दे देते हैं। एक बात की ओर आपने अवश्य ध्यान दिया होगा कि 1980–81 से लेकर 1984 तक चीनी की खपत बढ़ गई है और वह 85 लाख टन हो गई है लेकिन शूगर को आप देखें कि घट रही है। शूगर का जैसा आपने कहा कि मूल मुद्दा है कि गन्ना कैसे उपजेगा। आप कह देंगे कि यह अग्रिकल्चर मिनिस्ट्री की बात है। लेकिन गन्ने के उत्पादकों को क्या क्या सुविधाएं देनी चाहिएं, जो सिक मिल्स हैं, खास तौर से बिहार और उत्तर प्रदेश में जो बंद पड़ी हुई हैं, गन्ना उनको नहीं मिल रहा है, उनके लिए आप क्या कर रहे हैं?

राव बीरेन्द्र सिंह : श्रीमन्, अलग-अलग मिल के मुताल्लिक मुझसे पूछें तो मैं बता सकूंगा कि वह क्यों बंद पड़ी हुई है। हो सकता है कि माननीय सदस्य की इत्तिला गलत हो। ज्यादातर मिलें इस वक्त बंद हो चुकी है, केवल 7 मिलें चल रही हैं और पूरे देश में लगभग साढ़े तीन सौ मिलें हैं, वर्मा जी बहुत अच्छी तरह जानते हैं 399 मिलें है। उनमें से 7 मिलें चल रही थी। हो सकता है कि उनमें से कुछ पिछले दिनों बंद हो गई हों क्योंकि गन्ना खत्म हो चुका है। लेकिन सिक मिल्स का कारण माननीय सदस्य ने सही बताया कि मुख्य कारण यही है कि गन्ना उनको नहीं मिलता पैरने के लिए। शुगर केन सही तरीके से डैवलप नहीं हुआ। इसके साथ ही मिलों को लाइसेंस इनडिस्क्रिमिनेटली मिल गए। नज़दीक-नजदीक मिलें लग गई। उनके लिए गन्ना काफी नहीं है। किसान भी अब समझदार हो गया है। जिस चीज में ज्यादा मुनाफा नज़र आएगा वह चीज काश्त करेगा। अगर चावल व गेहूं में ज्यादा मुनाफा होता है तो गन्ना लगाना छोड़ देगा, गन्ने में ज्यादा नफ़ा होगा तो गन्ना लगायेगा। लेकिन गन्ने की कीमत पहले की बनिस्बत 5–6 सालों में पहले से कहीं अधिक मिल रही है। गन्ने की कीमत अब उनको इतनी मिल रही हैं जितनी पहले इस देश में कभी नहीं मिली। 1980-81 के बाद से 22 रु0 या 23 रुपये कीमत मिली है किसानों को और 23-24 रुपया कई स्टेट्स ने दिया है। उनको 21 रुपये से कम कीमत नही मिली है जो कि कम कीमत नहीं है। दूसरी कीमत जो स्टेच्यूटरी प्राइस तय होती है वह लेवी शुगर की कीमत फैक्टरियों को देने के लिए तय होता है, वह 14 रुपया है। उस कीमत का जो किसान को मिलती है उससे कोई ताल्लुक नहीं है। किसान को वह कीमत मिलती है जो कि सरकार तय करती है। इससे कम कीमत किसान को नहीं मिलेगी। गन्ना मिलों में न जाने का कारण एक और भी है, जैसा कि आप जानते हैं कि इस साल किसान ने गन्ना खांडसारी मिलों को गुड़ बनाने के लिए दिया। किसान ने गुड़ बनाने के लिए, खाडसारी बनाने के लिए गन्ने का इस्तेमाल किया। सभी लोग जानते हैं कि इसमे फायदा ज्यादा मिलता है, पैसा ज्यादा मिलता है इसलिए कि गुड़ और खांडसारी पर कोई कंट्रोल नही है, कोई टैक्स उन पर नहीं है। लेकिन दूसरी ओर गन्ना मिलों के ऊपर हैवी सैंट्रल ड्यूटी है, ऐक्साइज ड्यूटी ....

MR. CHAIRMAN: Mr. Minister, please address me. If you address him, you will go on replying to him.

RAO BIRENDRA SINGH: Sir, I see you in every Member. You are pervading the whole House.

MR. CHAIRMAN: That is the very reason why I say that you should see me, and not others. The subject is very sweet. Therefore, every Member wants to speak. Mr. Suraj Prasad.

श्री सूरज प्रसाद : सभापति महोदय, इस साल देश में 62 लाख टन चीनी पैदा हुई है। गत वर्ष का 24 लाख टन का कैरी-ओवर है और 10 लाख टन चीनी विदेश से मंगाई गई है। इस प्रकार पूरे देश में

96 लाख टन चीनी है और चीनी का कंज़प्शन 85 लाख टन है। फिर भी देश के अन्दर चीनी की कीमत बाज़ार में 7 सौ से 8 सौ रुपये प्रति क्विंटल है। क्या यह बात सही है कि सरकार ने 10 लाख टन चीनी जो विदेश से मंगाई है उसको डिस्ट्रीब्यूशन फेयर प्राइस शाप्स के जरिये आजकल नहीं हो रहा है जिससे प्राइज़ राइज़ हो रहा है ?

दूसरी बात यह है कि गन्ने की कीमत में घाटा है उसका प्रधान कारण यह है कि 1982-83 में 1400 करोड़ रुपया किसानों का बकाया था जिसका भुगतान समय पर नहीं हुआ और इस साल अभी तक यू०पी० और बिहार के अन्दर यू० पी० में 50 करोड़ रुपया और बिहार में 26 करोड़ रुपया किसानों का बाकी है ? जिससे किसानों में ईख उत्पादन करने के प्रति उत्साह में कमी आई है तो क्या सरकार जो कीमत बाकी है उन राज्यों के अन्दर उसका भुगतान करने की दिशा में कोई कदम उठायेगी ?

राव बीरेन्द्र सिंह : चेयरमैन साहब, यह सही है कि चीनी की कमी की वजह से सरकार ने 10 लाख टन चीनी बाहर से मंगाने का फैसला किया। उसमें से कोई साढ़े नौ लाख टन चीनी सितम्बर के आखिर तक हमारे पास पहुंच जायेगी। लेकिन यह जो 10 लाख टन या साढ़े नौ लाख टन चीनी सितम्बर में आनी है अभी सारी नहीं पहुंची है। अभी कोई तीन लाख टन से ऊपर चीनी आ चुकी है और हम कोशिश कर रहे है कि ज्यादा से ज्यादा इम्पोर्टेड चीनी लोगों को मिले। इसके लिये बहुत तरीके हमने अपनाये हैं। कुछ तो हम स्टेट्स को देते हैं ताकि वह आम लोगों के अलावा बल्क कंज्यूमर्स को, जैसे फैक्टरीज को बिस्कुट्स बनाने के लिये, मुरब्बा बनाने वालों को, फूड प्रोसेसिंग वालों को, होटल वालों को मिल सके। स्टेट्स गवर्नमेंट्स के अफसरान जरूरत के मुताबिक यह इम्पोर्टेड चीनी 6 रुपये से कम भाव पर दे सकते हैं। इसकी हमने उनको इजाजत दी है। इसमे से 50 हजार टन हम आक्शन करते हैं। वह व्यापारी ले सकते हैं और वे व्यापारी उसको खुले बाजार में चीनी के दाम का जो स्तर है उसके मुताबिक बेच सकते हैं। इसके अलावा 50 हजार टन चीनी हमने अगले महीने अगस्त के लिये फेयर प्राइज शाप्स को लेवी शुगर के साथ इस्तेमाल करने के लिये त्यौहारों के लिये ज्यादा दी है। हम तीन लाख 13 हजार टन चीनी हर महीने कंज्यूमर्स के लिये फेयर प्राइस शाप्स को देते हैं लेकिन इस बार त्यौहारों के लिये चार रुपये चालिस पैसे पर हो 50 हजार टन चीनी अधिक दी है।

एक माननीय सदस्य : फिर कीमत कैसे बढ़ गई ?

राव बीरेन्द्र सिंह : चेयरमैन साहब, आप अच्छी तरह से जानते हैं कि बढ़ने के कई कारण हैं। एक तो ट्रेडर्स कमी की एक साइक्लोजी पैदा करते हैं।

MR. CHAIRMAN: No point, they are provoking to give more and more, I said, therefore, please, just answer.

RAO BIRENDRA SINGH: Sir, we have plenty of sugar and more is arriving and we will flood the markets with imported sugar which will be available under six rupees and then the people, who are trying to hoard will be repenting when they will not be able to get high prices for this.

MR. CHAIRMAN: Thank you.

श्री सूरज प्रसाद : सभापति जी, मेरे दूसरे प्रश्न का उत्तर नहीं आया। मैंने पूछा था कि यू०पी० और बिहार में जो पैसा बकाया है उसका भुगतान नहीं किया गया तो उसके लिये वह क्या करने जा रहे हैं ?

MR. CHAIRMAN: Your question is so long that nobody remembers what you ask.

RAO BIRENDRA SINGH: Sir, the figures given by the Hon'ble Member about Bihar and U. P. are wrong. Well, about Bihar, there is a total of 5 crore 11 lakhs as arrears payable on 31st of May

and not as the Hon'ble Member said, 50 crores and something. In U.P., the figure is about 24 crores in all the three zones in U.P.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: Sir, it seems that it is not merely sweet but bitter sweet. In a sense, the policy about sugar reflects the health of the economy also. This is one area where we have practised a dual policy and whether it is a shortage or a surplus, there is a suffering in the economy either when 87 lakhs were produced, we have stopped and we are trying to export at a lower cost. Now, what I want to know and I would request that a discussion on sugar policy be taken up separately also in a comprehensive manner. In the meanwhile, the question that I want to ask is—is it not true that despite a surplus, we have failed to check the rising prices of sugar which is higher than the rise in prices as claimed by the Finance Minister? And, in that context, is it not true that the dual policy has failed completely in the field of sugar production?

RAO BIRENDRA SINGH: Sir, this dual pricing policy has been followed by Governments since 1967-68 and during the Janata regime in 1978, they decontrolled sugar in August and they came to grief and in December 1979 they again had to come back to the same system. So there is no better system in our view. That is why we are following this policy. But Government would be very glad to decontrol sugar provided we can have adequate stocks. Without adequate buffer stock, it will be suicidal to decontrol sugar which is a very important item of food.

Sir, this rise in price is also not properly understood by the people in general and by some of the hon. Members also. Whenever they talk about sugar selling at Rs. 7.80 per Kg. in Delhi, they talk about indigenous sugar, that large-grain sugar, where as in hundreds of centres in Delhi, through mobile vans being plied by the Civil Supplies Corporation and through the Super Bazar and so many other retail outlets, sugar is available at Rs. 5.75 per kg. loose and Rs. 5.85 per Kg packed. And I want to inform hon. Members that even in Parliament House Annexe, as much sugar as they like is available at Rs. 5.85 per Kg. They only have to walk down to the Annexe, to the consumer store there. Sugar is available. (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Mr. Virendra Verma. (*Interruptions*) No, please. I am going to pass over to the next question. Half an hour cannot be given for one question. Mr. Virendra Verma.

श्री वीरेन्द्र वर्मा : मान्यवर, मेरा सवाल माननीय मंत्री जी के उत्तर से हीसंबधित है । (क) भाग मे आपने लिखा है कि विभिन्न एसोसिएसन्स और संगठनों ने सरकार को सुझाव दिये गए है मैं जानना चाहता हूं कि वे सुझाव क्या दिए गए है ? बहुत थोड़े में एक-दो आप बता दीजिए । दूसरा सवाल (ख) मेरा यह है कि चीनी की वर्तमान नीति सन् 1979–80 के दिसम्बर से चली आ रही है । आपने बताया है कि सन् 1984–85 में यही नीति रहेगी । मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या सन् 1985–86 के लिए भी यही नीति रहेगी या कोई अन्य नीति आपके विचाराधीन है ? मरा तीसरा सवाल (ग) है। आपने स्टेटुटरी प्राइस 14 रु० क्विंटल बताई है जबकि भारत सरकार का एग्रीकल्चर प्राइसेज कमीशन है जिसने पिछले कई वर्षो से लगातार स्टेटुटरी प्राइस 15 रुपये क्विंटल करने की संस्तुति की है, लेकिन आपने उसको स्वीकार नहीं किया, मैं जानना चाहता हूं कि आपने उसको स्वीकार है क्यों नही किया । यह भी कहा गया है कि काफी गन्ना क्रेशर और कोल्हू के ऊपर चला जाता है । आपने बताया है कि सन् 1981–82 में यह 84 लाख टन चीनी का उत्पादन था और सन् 1983 में 82 लाख टन हो गया । लेकिन गत वर्ष गन्ने के क्षेत्र मे कमी आई और चीनी का उत्पादन बहुत कम हुआ है । क्या इसका कारण यह भी नही है कि क्रेशर में और गुड़ में किसानों को बेहतर कीमत मिलती है बमुकाबले मिलों के ? मेरा अंतिम सवाल यह है कि आप भी ने फारन से शुगर मंगाई है । मैं यह जानना चाहता हूं कि फारन से जो शुगर आपने मंगाई है वह किस रेट पर मंगाई है और किस प्रकार से आप यह चीनी 5 रु० 85 पैसे पर सप्लाई कर रहे हैं ? मैं जानना चाहता हूं कि किस आधार पर आप यह 5.85 रु० रेट पर चीनी दे रहे हैं ?

राव बीरेन्द्र सिंह : आप यह पूछ रहे हैं कि हमने जो चीनी मंगाई है वह किस रेट पर कितनी क्वांटिटी की मंगाई है । इस बारे में मैं यह कहना चाहूंगा कि यह चीनी एस० टी० सी० द्वारा मंगाई जाती है । इसलिए अगर आप कामर्स मिनिस्ट्री से यह सवाल करेंगे तो आपको ठीक जवाब इसका मिल जाएगा । लेकिन इसमें शक नहीं कि बाहर चीनी की कीमत इस वक्त काफी कम है ।

श्री वीरेन्द्र वर्मा : दुगुना फायदा उठा रहे हैं ।

राव बीरेन्द्र सिंह : फायदा उसमें दुगुना नहीं उठाया जा रहा है, लेकिन जिस तरह से . . .

श्री वीरेन्द्र वर्मा कंज्यमर्स नुकसान उठा ही रहे है ।

राव बीरेन्द्र सिंह : लाने के ऊपर भी खर्चा होता है, किराया भी बहुत है और फिर यहां तकसीम करने पर भी खर्चा होता है । दूसरी बात आपने पूछी कि जो मुखतलिफ हमारे पास रिप्रेजन्टेशन आये है, उनमें क्या सुझाव है । उनमें कोई एक सुझाव नहीं है । सुझाव बहुत से हैं । शुगर इंडस्ट्री चाहती है कि लांग टर्म पालिसी हो ताकि उनको यह तसल्ली हो जाय कि हमेशा वह फायदे के अन्दर रहेंगे और सरकार उनकी मदद करती रहेगी । कंज्यूमर्स की तरफ ध्यान देने का सरकार का जो फर्ज है वे इस बात को भूल जाते है । हमारी कोशिश यह है कि लांग टर्म पालिसी बने । इसलिये हम सेवंथ फाइव इयर प्लान के लिये कागजात तैयार कर रहे हैं और आशा है कि उसका फैसला जल्दी हो जायेगा । हम भी चाहते है कि लांग टर्म पालिसी हो । लेकिन जहां तक हम समझ पाये हैं शुगर इंडस्ट्री की कोशिश यह है कि कन्ट्रोल हो और इस ड्यूल प्राइसिंग से उनको बहुत फायदा हो ।

श्री बीरेन्द्र वर्मा : यह हम भी नहीं चाहते हैं ।

राव बीरेन्द्र सिंह : यह कोई भी नहीं चाहता । वे भी नहीं चाहते । वे यह चाहते हैं कि लेवी शुगर प्रोडक्शन का हम 65 प्रतिशत ले लेते है उसके बजाय फ्री सेल में 50 फीसदी कर दिया जाय और उसको उन्हें खुले बाजार में बेचने की इजाजत हो । असल मकसद उनका यह है कि खुले बाजार में बेचने की मात्रा को बढ़ा दिया जाय ताकि वे ज्यादा फायदा उठा सकें ।

Construction of flats in Kishangarh

*64. SHRI RAM NARESH KUSHAWAHA:

SHRI SUSHIL CHAND MOHUNTA:†

Will the Minister of WORKS AND HOUSING be pleased to state:

(a) whether according to a report recently submitted by the I.I.T., Delhi to Government, more than five hundred DDA flats constructed under the Self-financing Scheme in Kishangarh area are without foundation;

(b) whether Government have made any inquiry into the matter; and

(c) if so, what is the result thereof and what action Government have taken against the DDA officials and the contractor responsible for the construction of the flats?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING (SHRI ABDUL GHAFOOR): (a) On inspection by I.I.T. experts and DDA Engineers, deviations in foundations from those specified were found in respect of 192 flats in the Self-Financing Scheme at Kishangarh.

(b) and (c) The case has been handed over to the CBI for enquiry. Meanwhile, 5 DDA officers/officials concerned with the work have been suspended pending regular departmental proceedings. The cases of two officers who have reverted to their parent department of CPWD, are being processed in the Ministry/CPWD.

---

*The question was actually asked on the floor of the House by Shri Sushil Chand Mohunta.